डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | मार्गशीर्ष ष कृष्ण पक्ष,04 - 2082 | भोपाल,दिन मोमवार, दिनांक 08 दिसंबर ,2025

न्यूज गैलरी

प्रांतीय बैठक में आंदोलनों की घोषणा

भोपाल रविवार को सादगर ए शाहजहानी पार्क में ऑल डिपार्टमेंट आउटसोर्स-अस्थायी कर्मचारी संगठन मंच की प्रांतीय बैठक का आयोजन हुआ। इसमें आगामी कार्ति मंच के गठन की घोषणा की गई। अध्यक्ष वासुदेव शर्मा ने कहा कि अब कर्मचारियों को एकजुट होकर समानजनक वेतन और नौकरी सुरक्षा के लिए निर्णायक लड़ाई लड़नी होगी। बैठक में मोहूट डिस्टिल्ड संगठनों ने सहयोग और एकजुट संघर्ष पर सहमति जताई। कार्यक्रम के तहत 5 जनवरी को विकास भवन पर धरना, 19 जनवरी को सीधीबाई पर राज्यस्तरीय प्रदर्शन करने की घोषणा हुई।

1 साल बाद भी शिक्षक आदेश के इंतजार में

भोपाल। स्कूल शिक्षा और जनजातीय कार्य विभाग के अधिकांश माध्यमिक व उच्च माध्यमिक शिक्षक एक साल से पदोन्नति आदेश पूर्ण होने के आदेश का इंतजार कर रहे हैं। कुछ जिलों में उच्च माध्यमिक शिक्षकों को आदेश मिल चुके हैं, लेकिन माध्यमिक शिक्षक अब भी पीछे हैं। म्यूनी कर्मचारी टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम ने बताया कि आदेश नहीं आने से जुलाई 2025 की वेतन वृद्धि रुक गई है, पे-डिस्क्रेपेंसी और डी ए का एरियर भी लंबित है।

पर्यटन निगम घोटाले की सीबीआई जांच हो

भोपाल। संविदाकार कर्मचारी शासकीय अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष अनिल बाजपेई और महासचिव अरुण वर्मा ने पर्यटन निगम में किए गए घोटाले का कड़ा विरोध करते हुए इसकी जांच सीबीआई से कराने की मांग मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से की है। फेडरेशन ने कहा कि यह योजनाबद्ध भ्रष्टाचार का परिणाम है। ऐसी मांग भाजपा सांसद डॉ वी ए ला रेड्डी ने भी उठाई है।

धर्मेंद्र प्रधान के बयान से उलझा की भाजपा सरकार की बाकमी पटवारी

भोपाल। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के बयान पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि रवि बीजेपी के केंद्रीय नेता ही राज्य की शिक्षा व्यवस्था पर उंगली उठा रहे हैं, तब यह साफ है कि भ्रष्टाचार का पर्दाफाश अब छिपाए नहीं छिप रहा। कांग्रेस मुख्य ने इस पूरे प्रकरण को गरीब की शिक्षा व्यवस्था में कुछ अब तक का सबसे बड़ा घोटाला बताते हुए तत्काल उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। पटवारी ने कहा कि प्रधान के बयान ने शिवराज-मोहन सरकार के 25 वर्षीय शासन का वह असली चेहरा उजागर कर दिया है, जिसे भाजपा ने जनता से छिपाया था। उन्होंने मुख्यमंत्री से तत्काल विभागीय समीक्षा व घोटाले की स्वतंत्र जांच कराने की मांग की

बिनेका में गंभीर हालत में मिले बाघ की भोपाल लाते समय मौत

भोपाल शाहपानी टाइगर रिजर्व के बिनेका बीट्स बफर क्षेत्र में रविवार को मिले घायल नर बाघ ने रेस्क्यू के दौरान ही दम तोड़ दिया। वन विहार की टीम उसे उपचार के लिए भोपाल ला रही थी, लेकिन अत्यधिक कमजोरी के कारण रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। जांच में उसके शरीर में गंभीर संक्रमण पाया गया। वन विहार में पोस्टमार्टम कर आवश्यक अंग और उपाय नमूने फॉरेंसिक जांच के लिए भेजे गए हैं। अधिकारियों को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति बाघ कई घंटों से एक ही स्थान पर बैठा है और उठ नहीं पा रहा।

शिक्षा व्यवस्था में भारतीयता को स्थापित करना राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य, केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान

राज्य के कौशल, नवाचार और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का आधार है राष्ट्रीय शिक्षा नीति

डीआर संवाददाता।। भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन में मध्य देश में अग्रणी है। मध्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को केवल शैक्षणिक सुधार न मानकर राज्य के कौशल, नवाचार और सांस्कृतिक पुनर्जागरण से जोड़ा है। प्रदेश के विश्वविद्यालयों में फुलपीठों को कुलगुरु संकेतन देकर हमने प्राचीन गुरुकुल आदर्शों को आधुनिक व्यवस्था से जोड़ा है।राज्यपाल मंगुभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में रविवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020का क्रियान्वयन, पुर्गीठों एवं सनातनधर्म विभाग पर एक दिवसीय कार्यशाला कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आरंभ हुई। सभागाला में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर विशेष रूप से उपस्थित थे।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में

रोजगारपरक और नवाचार उन्मुख शिक्षा को दें जनांदोलन – केंद्रीय मंत्री प्रधान

केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान ने प्रदेश की शैक्षणिक संस्थानों में न्यू ऐज स्किल जैसी अत्यन्त उपयुक्त और रोजगार के विस्तार की व्यापक आधार। उन्होंने बताया राज्य ने "डिजिटल" के जरिए 12 लाख विद्यार्थियों को रोजगार करने, छोटे और मध्यमि अवसंरचनाओं में लोगों, शैक्षणिक संस्थानों के प्रशासन में सुधार और मानवीय मूल्यों और शैक्षणिक संस्थाओं के जरिए को समाज के प्रति उपयोगी बनाने की जरूरत बताई। प्रधान ने कहा की शैक्षिक उत्तर उपयुक्त लक्ष्यों के क्रियान्वयन में राज्य की जीवनी की सराहना बताई।

स्कूल शिक्षा में पालकों का मयोग चाहता जरूरी

स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि स्कूल शिक्षा में पालकों का मयोग होना जरूरी है क्योंकि बच्चे के भविष्य को गढ़ने में शिक्षकों की भूमिका बराबर की महत्वपूर्ण है। पालकों को बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए शिक्षकों के साथ मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने में सकारात्मक भूमिका निभाई है।

देर समाज कोबदलने के विश्वास का प्रतीक राष्ट्रीय शिक्षा नीति

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि राज्य की शिक्षा–व्यवस्था की दिशा एवं उद्देश्य को बदलने के लिए नीतियों को दिशा, बल्कि और सामाजिक स्तर– संस्कृति के परिवर्तन प्रकाश करने वाली। यह बदलाव के परिणाम को नई दिशा देने की मजबूती व्यक्तिकता है, विद्यालय गुरु संस्कार समन्वयन है। उन्होंने नीति के तहत संस्कृत शिक्षा, भारतीय विमर्श और समाज राष्ट्र–निर्माण में जुड़ी भूमिकाओं और सम्भावनाओं की विशेष चर्चा की। उन्होंने कहा कि शिक्षा में भारतीयता को स्थापित करना राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि शिक्षा में भारतीयता का अर्थ केवल पाठ्यक्रम में बदलाव नहीं, बल्कि छात्रों के चरित्र निर्माण, सेवा भाव और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायी नागरिक बनाने की जरूरत बताई। प्रधान ने बच्चों को वैश्विक स्तर पर प्रतिभा के प्रदर्शन के अवसर देने की आवश्यकता बताई।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के क्रियान्वयन में मध्य अग्रणी: सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विश्व में जिन भी महापुरुषों ने समाज की धारा को बदला है, उन महापुरुषों के व्यक्तित्व निर्माण से जुड़ा है की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जिसको ध्यान में रखकर प्रभु श्रीराम ने स्वयंवर और वनवास काल पर अपने पराक्रम और पुरुषार्थ का परिचय दिया। सम्राट विक्रमादित्य ने स्थापित सुशासन व्यवस्था में उनके द्वारा दंडधर से जोड़े नए विद्वानों और नव रत्नों का सहयोग रहा। राजा भोज जी और से विभिन्न भोपाल का बड़ा राजस्व आज भी अभिनवविधी के विद्यार्थियों के लिए मौजूदा का केंद्र है।

चार महीने पहले शूटर्स के लाइसेंसों की जांच में गड़बड़ी

डीआर संवाददाता।। भोपाल

राइफल शूटिंग के नेशनल प्लेयर साहिल उपरेलान पर अपराध छिपाकर हथियार लाइसेंस लेने का मामला सामने आया है। उनके आवेदन में अपराध पत्र देकर लिखा था कि उनके खिलाफ कोई आपराध दर्ज नहीं है। हालांकि, दावा गलत पाया गया।

कोहेफिजा पुलिस ने उनके खिलाफ धोखाधड़ी और कूटरचना एवं जालसाजी का केस दर्ज किया है। चार महीने पहले शूटर्स के लाइसेंसों की जांच में उनके लाइसेंस में गड़बड़ी मिली थी। इसके बाद कलेक्टर ने लाइसेंस निरस्त कर दिया था। साहिल का लाइसेंस 2020 में थाना शाहपुरा-भोपाल से जारी हुआ था। कोहेफिजा पुलिस के मुताबिक, 3 फरवरी 2018 को पीपलानी नगर निवासी जोहेब अकबर की शिकायत पर साहिल खिलाफ, शाहिद और अन्य के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। इस मामले में साहिल गिरफ्तार हुआ था, पर उसने शपथ पत्र में यह जानकारी नहीं दी।

शस्त्र लाइसेंस के लिए कलेक्ट्रेट से मंजूरी जांच कर क्राइम पुलिस को जाती है। डीआई मानसिक रिकॉर्ड और व्यवहार की जांच कर रिपोर्ट शाहपुरा-भोपाल को भेजती है। समीक्षा के बाद एसडीएम नोटिस अनुमोदन देते हैं। पूरी फाइल जांच में कलेक्टर के पास जाती है। अपराधिक रिकॉर्ड चेक करना जांच करने वाले अफसर की जिम्मेदारी है।

पोषण आहार मिले, इसके लिए जनभागीदारी को दें बढ़ावा

डीआर संवाददाता।। भोपाल

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को राजधानी स्थित शासकीय कमला नेहरू संविधानि विद्यालय टीटी नगर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा है कि बच्चों के व्यक्तित्व का बहुआयामी विकास हो, इसके लिए जरूरी है कि उन्हें मातृभाषा में पढ़ने के लिए प्रेरित किया जाए। बच्चों को पढ़ाई गई बातें समझने में मातृभाषा ज्यादा कारगर होती है।

नई शिक्षा नीति में मातृभाषा में अध्ययन को प्राथमिकता दी गई है। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान रविवार को भोपाल के शासकीय कमला नेहरू संविधानि विद्यालय टीटी नगर के निरीक्षण के बाद शिक्षकों से चर्चा कर रहे थे।

इस मौके पर उच्च शिक्षा मंत्री उदय सिंह परमार और विधायक भगवानदास सचदेवा भी उनके साथ रहे। प्रधान ने संविधानि विद्यालय की कक्षाओं में जाकर बच्चों से संवाद किया। उन्होंने बच्चों को पाठ्यपुस्तकों को देखा और उनसे से पढ़ाई के संबंध में बात की। मंत्री प्रधान के विद्यालय पहुंचने पर छात्राओं ने वेद की धुनों पर उनका स्वागत किया।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान ने कमला नेहरू संविधानि विद्यालय का किया निरीक्षण

ई–प्रयोगशाला के लिए रहे हैं बेहतर परिणामभोपाल। लोक शिक्षण विभाग सूत्रों ने बताया कि शिक्षा की गुणवत्ता के लिए प्रदेश में हमारे शिक्षक देश के माध्यम से ऑनलाइन ई–जर्नल्स शुरू की गई है।

सिंगरौली पेड़ों की कटाई के मामले में एआईसीसी ने बनाई

डीआर संवाददाता।। भोपाल

सिंगरौली जिले में अपनी को कोल ब्लॉक आवंटन करने के मामले में पेड़ों की कटाई का मुद्दा कांग्रेस ने काफी जोरों शोरों से उठाया है। विधानसभा से लेकर जनता को बीच इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस जन बड़ी तैयारी कर रही है इसके लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने हरीश चौधरी को निर्देश देते हुए जीतू पटवारी को अध्यक्षता में 12 और नेताओं को शामिल किया गया है। इसमें खास बात है कि अजितेश कांग्रेस के

विधायक शामिल किए गए हैं। इस प्रतिनिधि कमेटी में जीतू पटवारी, उमंग सिंघार, गोविंदसिंह नरवरजन, अजय सिंह, कमलेश्वर पटेल, हेमंत कटारे, राजेंद्र कुमार सिंह, हिना कावरे, विक्रांत भूरिया, अभिनव सरवाल, जयवर्धन सिंह और बाला बच्चन को शामिल किया गया है। यह कमेटी के सभी सदस्य सिंगरौली में 11 दिसंबर को वहीं पर लोगों से मुलाकात करेंगे पेड़ों की कटाई के मामले में वहां क्या स्थिति बन रही है। इसकी रिपोर्ट साई कमान को दी जाएगी। साथ ही प्राकृतिक नुकसान की भी रिपोर्ट दी जाएगी। सिंगरौली में बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई और उससे उत्पन्न

मुख्यमंत्री ने संविधान की प्रति प्रदान कर मुख्यधारा से जोड़ा

डीआर संवाददाता।। भोपाल

मध्य में नक्सलवाद के सफाए की दिशा में एक बड़ी सफलता मिली है। रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समक्ष बालाघाट में 10 हार्डकोर नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर हथियार डाल दिए हैं। इनमें 4 महिला नक्सली हैं। इन पर कई राज्यों में कुल 2 करोड़ 36 लाख

आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को प्रदान की संविधान की प्रति

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों और जवानों की

हौसला अफजाई

जनवरी 2026 तक नक्सल उन्मूलन में आखिरी कील एंटी नक्सल अभियान को सफल और एकजुट करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों और जवानों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि एंटी नक्सल अभियान को लगातार सशक्त और मजबूत किया जा रहा है। प्रदेश में 15 नवीन अनुमंडलों और विशेष सशस्त्र बल की 12 पद स्वीकृत किए गए हैं।

कैबिनेट की बैठक सहित होंगी विभागीय समीक्षाएं

डीआर संवाददाता।। भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार से अपने मंत्रिमंडल के साथ दो दिन तक छत्तीसगढ़ में रह कर कैबिनेट बैठक के साथ विभिन्न विभागों की समीक्षा करेंगे। सोमवार 8 दिसंबर को सबसे पहले खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की समीक्षा के साथ शुरुआत होगी। इसके बाद औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, राजस्व, नगरीय विकास एवं आवास, तकनीकि शिक्षा, कौशल विकास एवं

रोजगार, जनजातीय कार्य, अनुसूचित जाति कल्याण

दो दिनों तक अपनी रहेंगी सुरक्षाओं की अपनी खण्डुराहो में कार्यस्थल सरकारों का भ्रमण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम गणपतिपुरा छत्रसाल और सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति का अनावरण। पन्ना टाइगर रिजर्व कुटमनी रिसॉर्ट क्रेन एवं रोप पोल का भ्रमण। 27000 लाख के 9 विकास

कोर्ट ने कहा- ऐशबाग पुलिस ने की मनमानी कार्रवाई

भोपाल। ऐशबाग पुलिस की मनमानी नाहिता प्रकाश पर नहीं, बल्कि खुद पुलिस पर भारी पड़ गई। भोपाल कोर्ट ने प्रकाश दीपा गौतम को मुक्त लिख ने उठाने पर ऐशबाग थाना प्रभारी अजय नायर और एसआई नीरज पांडे पर 2 लाख रुपए हर्जाना लगाया है। दीपा, पूर्व विधायक सुखदेव गोहिया की बेटी है।मामला पहले एमसीएम कोर्ट पहुंचा था, जहां 3 दिसंबर 2021 को पुलिस के दस्तावेजों को "जेल भगाए

सर्दी का दौर | राजधानी सहित प्रदेशभर में अभी तेज सर्दी का दौर

कोल्ड वेव के साथ अब कोल्ड-डे का असर...दिन में छाए बादल, बर्फवारी बढ़ाएगी सर्दी

डीआर संवाददाता।। भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में अभी तेज सर्दी का दौर जारी रहा। रविवार को कोल्ड वेव के साथ कुछ जिलों में कोल्ड डे रहा। दिन में बादल छाए रहने से भोपाल सहित कई जिलों में दिन का पारा ज्यादा नहीं बढ़ा। इससे रात के साथ दिन में भी कड़ाकेदार ठंड लोगों को सताती रही।

पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी से अब अगले सप्ताह में फिर सर्दी जोर पकड़ेगी। इस बीच तीन से चार दिन कड़ाके की सर्दी से कुछ राहत रहेगी। छतरपुर, नरसिंहपुर में कोल्ड–डे, भोपाल सहकोल में आसमान में आती शीतलहर लहरों पर हो रही

बर्फबारी से अगले सप्ताह प्रदेश में फिर बढ़ेगी सर्दी, बीच में होगा तीन से चार दिन का अंतराल 5 जिलों में 4 से 7 डिग्री पर पारा, सबसे कम सहकोल में 43 और भोपाल में 7 जिग्री रहा 27 जिलों में पारा 11 डिग्री से नीचे बादल छाए, पारा ज्यादा नहीं बढ़ा

दिवार को प्रदेश में सबसे कम रात का पारा 5 जिलों में 4 से 7 डिग्री पर पारा, सबसे कम सहकोल में 43 और भोपाल में 7 जिग्री रहा 27 जिलों में पारा 11 डिग्री से नीचे बादल छाए, पारा ज्यादा नहीं बढ़ा

दिवार को प्रदेश में सबसे कम रात का पारा 5 जिलों में 4 से 7 डिग्री पर पारा, सबसे कम सहकोल में 43 और भोपाल में 7 जिग्री रहा 27 जिलों में पारा 11 डिग्री से नीचे बादल छाए, पारा ज्यादा नहीं बढ़ा

उज्जैन सहित एक दर्जन से अधिक जिलों में सुबह से दोपहर तक हल्के बादलों का असर रहा। इससे दिन के तापमान में ज्यादा बढ़त नहीं रही। इन जिलों में दिन का पारा एक से दो डिग्री तक बढ़ा। शिवपुरी में 28 डिग्री और सिंगरौली में 28 डिग्री की बढ़त रही।

सहकोल 43, नर्मदापुरम 54, जबलपुर 61, नौगांव 65 और राजगढ़ 66 डिग्री रहा। कुल 27 जिलों में रात का पारा 11 डिग्री से कम रहने से कड़ाके की सर्दी का दौर रहा। इन जिलों में पारिमनी रहा के 14 और पूर्वी प्रदेश के 13 जिले शामिल रहे।

बो सिस्टम का असर...बारिश को अलर्ट ऑपरेशन सामान्य, 4230 हजार यात्रियों ने भरी उड़ान

डीआर संवाददाता।। भोपाल

भोपाल चार दिन बाद रविवार को राजा भोज एयरपोर्ट पर उड़ानों का संचालन सामान्य स्थिति में आ सका। रविवार को यहां से कुल 19 उड़ानें (38 मूवमेंट) संचालित हुईं, जिनमें एयर इंडिया की 4 और इंडिगो की 15 उड़ानें शामिल रहीं। इंडिगो की 3 आगमन और 1 प्रस्थान उड़ानें रद्द हुईं, जबकि एयर इंडिया की कोई उड़ान रद्द नहीं हुई। प्रमुख रूट–दुबई, दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और गोवा जैसे एक दिन पहले प्रभावित थे, रविवार को सामान्य क्रम से संचालित हुए। यात्रियों की आवाजाही में भी बढ़ा सुधार देखा गया। रात 8 बजे तक 4230 से अधिक यात्री रवाना कर चुके हैं। एयरपोर्ट प्रशासन लगातार स्थिति पर

नजर रखे हुए है और एयरलाइंस के साथ समन्वय कर यात्रियों को सुचारु सेवा देने का प्रयास जारी है।

वह फ्लाइट अतिरिक्त चली: कंसिल फ्लाइट्स की भरपाई के लिए एक अतिरिक्त बेंगलुरु फ्लाइट 6E6309 चलाई गई, जिससे करीब 222 यात्रियों को राहत मिली।

विदेशी सन्यासी की मदद में रिकॉर्ड: थेक गंगरूपुर से आए 35 वर्षीय संन्यासी अर्जुन की इंडिगो फ्लाइट भोपाल से 2 से 4 दिसंबर तक लगातार कैंसिल हुई। उनका वीसा खत्म हो चुका था और 5 दिसंबर की सुबह उन्हें लौटना था। अंग्रेजी के सिवा कोई भाषा न आने और सिर्फ 600 रुपए होने पर स्थानीय लोगों और संस्कृति मंत्री के विशेष सहायक रजक ने सहायता की। फ्लाइट फिर रद्द होने पर उन्हें राजधानी से दिल्ली भेजा, जहां यात्रियों और टीटीई ने सहयोग किया। सामुहिक प्रयासों से अर्जुन अपने देश लौट सके।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष,04 – 2082 | सीहोर,दिन सोमवार,दिनांक 08 दिसंबर 2025

न्यूज गैलरी

सीहोर में रोजगार मेला 09 दिसंबर को

सीहोर। युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 09 दिसंबर 2025 को प्रातः 11 बजे सीहोर स्थित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में रोजगार–स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। इस रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। रोजगार मेला मेले में प्रैक्टिस कंपनियों द्वारा लगभग 700 पदों पर युवाओं की भर्ती की जाएगी। इसी प्रकार जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा तथा नये प्रकरण तैयार किये जायेंगे। इसके साथ ही शासकीय आईटीआई द्वारा अप्रेंटिसशिप के लिये आवेदकों को प्रपत्रित किया जायेगा। इच्छुक आवेदक अपने मूल दस्तावेजों के साथ रोजगार मेले में उपस्थित हो सकते हैं।

आरबीएसके के तहत बच्चों को दी जा रहीं सेवाएं

सीहोर। जिले में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत नवजात से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चों को समग्र स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। सीएमएचओ डॉ. सुधीर कुमार देहरिया ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भवती में पाए जाने वाले जन्मजात रोगों, कुपोषण, विकासात्मक देरी और विभिन्न बीमारियों की समय रहते पहचान कर उनका निःशुल्क उपचार सुनिश्चित करना है, ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके और वे सामान्य जीवन की ओर बढ़ सकें। उन्होंने बताया कि बाल स्वास्थ्य स्क्रीनिंग की प्रक्रिया जन्म के समय प्रसव स्थल पर 0 से 6 सप्ताह तक नवजात शिशुओं के घर–घर जाकर आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से, 6 सप्ताह से 6 वर्ष तक आंगनबाड़ी केंद्रों पर तथा 6 से 18 वर्ष तक के बच्चों की स्कूलों में नियमित जांच के माध्यम से की जाती है।

अंतरराष्ट्रीय मृदा दिवस का हुआ आयोजन

सीहोर। अंतरराष्ट्रीय मृदा दिवस का आयोजन राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर (एम.पी.) के अंतर्गत अटारी, कृषि महाविद्यालय सीहोर में किया गया। इस वर्ष विश्व मृदा दिवस का विषय स्वस्थ शहर के लिए स्वस्थ मिट्टी रखा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीएमएचओ डॉ. सुधीर कुमार देहरिया, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एम. पाटीदार अध्यक्ष के रूप में तथा मृदा विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एस.सी. गुप्ता संयोजक के रूप में उपस्थित रहे। कृषक प्रतिनिधि के रूप में प्रगतिशील कृषक प्रहलाद सिंह एवं भगत जी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन से किया गया।

कॉलेज में प्रवेश से वंचित छात्रों के लिए प्रवेश प्रारंभ

सीहोर। प्रीमर कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय से स्नातक व स्नातकोत्तर बकाऊ में स्वाध्यायी (प्राइवेट) प्रवेश के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा ने बताया कि नियमित रूप से वंचित छात्र स्वाध्यायी (प्राइवेट) छात्र के रूप में अपनी शिक्षा अर्जन की सुविधा का लाभ ले सकते हैं।

शीत लहर | हिमाचल व उत्तराखंड के ऊंचे इलाकों से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय

5.3 पर जमा सीहोर, खेतों में जमी बर्फ सिहरन बढ़ी, मावठे की आहट ने बढ़ाई चिंता

डीआर संवाददाता»सीहोर

जिले में ठंड ने इस बार अपनी तीखी दस्तक दे दी है। रविवार को न्यूनतम तापमान 5.3 दर्ज किया गया, जो इस सीजन का सबसे ठंडा दिन साबित हुआ। सुबह–सुबह खेतों में पाले की सफेद परत जमी दिखाई दी, जिससे किसानों के चेहरों पर चिंता बढ़ गई। हवा में इतनी नमी और ठंडक घुली हुई है कि सुबह का खुशनुमा वातावरण मानो बर्फीली सर्दी का एहसास करा रहा हो। लोगों को घरों से बाहर निकलते ही सर्द हवाओं की तेज चुभन महसूस होने लगी है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. तोमर ने बताया कि हिमाचल व उत्तराखंड के ऊंचे इलाकों में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। यही वो रही बर्फबारी का सीधा असर मध्य प्रदेश के मौसम पर पड़ रहा है। उत्तर–पश्चिम दिशा से आ रही हिम–शीत हवाएं सीहोर जैसे लगातार ठंड की गिरफ्त में ला रही हैं। यही कारण है कि पिछले एक सप्ताह में पारा तेजी से गिरकर 9 से 5.3 तक पहुँच गया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह ठंड फिलहाल रुकने वाली नहीं है।

मावठे की संभावना बनी मजबूत, बादलों ने बढ़ाई उम्मीद और आशंका

डॉ. तोमर के अनुसार जाने वाले दिनों में मावठा गिरने की पूरी संभावना है। आसमान में छाए बादलों ने सर्दी को और अधिक बढ़ा दिया है। यदि मावठा होता है तो गेहूं और चने की फसलों को लाभ भी मिलेगा, पर यही नमी और कम तापमान पाले की ओर खतरनाक बना सकता है। किसान लगातार मौसम की निगरानी कर रहे हैं ताकि फसलों को सुरक्षित रखा जा सके। मौसम विभाग ने आने वाले 48 घंटों को अहम बताया है।

बाजार में गर्माहट की तलाश, रजाई गद्दों और ऊनी कपड़ों की बढ़ी मांग

जैसे ही तापमान ने ठंड का रौद्र रूप दिखाना शुरू किया, शहर के रजाई–गद्दा बाजार में खूब रौनक लौट आई है। विक्रेताओं की दुकानों पर सुबह से भीड़ लगी रहती है। लोग पुरानी रजाइयों की भराई करवा रहे हैं और नई रजाइयाँ खरीदने का सिलसिला भी जारी है। वहीं ऊनी कपड़ों की दुकानों पर स्वेटर, जैकेट और मफलर की जमकर खरीदारी हो रही है। बाजार पूरी तरह विंटर मोड में आ चुका है और लोग गर्माहट की तलाश में लगातार घूम रहे हैं।

शीतलहर की चेतावनी, अगले दिनों में बढ़ेगी ठिठुरन

मौसम विभाग ने संकेत दिया है कि शीतलहर का दौर शुरू हो चुका है और अगले कुछ दिनों में इसकी तीव्रता और बढ़ सकती है। रात के तापमान में और गिरावट होने की आशंका है। सुबह के समय कोहरा घना हो सकता है, जिससे दृश्यता भी प्रभावित होगी। विभाग ने बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। सीहोर का मौसम अब पूरी तरह सर्द हवाओं के कब्जे में है और आने वाले दिनों में ठंड का असर और गहरा होने की उम्मीद है।

24 घंटे में फर्जी दुल्हन गैंग का पर्दाफाश, दुल्हन और फर्जी भाभी गिरफ्तार, ठगी गई राशि बरामद

डीआर संवाददाता»सीहोर

पुलिस ने 24 घंटे में एक अंतर–राज्यीय लुटेरी दुल्हन गैंग का पर्दाफाश करते हुए गिरोह की दो मुख्य महिला सदस्यों को गिरफ्तार किया है। दो आरोपियों की तलाश जारी है। यह गिरोह शादी का झांसा देकर लाखों रुपए और जेवरात लूटकर फरार हो जाता था। पुलिस ने इनके कब्जे से ठगी गई राशि और सामान बरामद किया है। 6 दिसंबर को परिवादी अम्बाह गुप्ता, निवासी शास्त्री कॉलोनी भैरूंदा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें उनी नाम की महिला और उसके साथी, जिनमें कुणाल कुमार शर्मा उर्फ मुकेश, दिव्या और राधा उर्फ चालू बाई भी शामिल थे, ने मिलकर परिवादी के साले सचिन गुप्ता से शादी की झूठी बातचीत की। शादी के दौरान कार्य एक लाख 71 हजार रुपए नगद और जेवरात लेकर फरार हो गई। इस संबंध में शामला दर्ज कर जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई।

पुलिस ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया है कि उन्होंने इस घटना के अलावा अन्य पीड़ितों के साथ भी धोखाधड़ी की है। इस संबंध में सबंधित थानों को सूचना दी जा रही है। पुलिस अब इस घटना में शामिल अन्य फरार सह–आरोपियों, कुणाल कुमार शर्मा उर्फ मुकेश और राधा उर्फ चालू बाई की तलाश कर रही है और एसडीओपी रोशन कुमार जैन के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रामभरोसे यादव ने एक विशेष टीम का गठन किया। टीम ने गैंग की दो मुख्य आरोपी महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया।

आज से शुरू होंगी प्राइमरी और मिडिल की छमाही परीक्षाएं,

डीआर संवाददाता»सीहोर

सीहोर प्राइमरी और मिडिल स्कूल की परीक्षाएं सोमवार से शुरू हो रही हैं। पहले ये परीक्षाएं 24 नवंबर से होनी थीं, लेकिन एसआईआर के चलते परीक्षा अब 8 दिसंबर से शुरू हो रही है। स्कूलों में परीक्षा की तैयारी पूरी हो चुकी है। तीसरी से पांचवीं तक की परीक्षा 12 दिसंबर तक और – छठी से आठवीं तक की परीक्षा 13 दिसंबर तक चलेगी। तीसरी से पांचवीं तक की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12:30 बजे तक और छठवीं से आठवीं तक की परीक्षा दोपहर 1:30 से 4 बजे तक होगी।

डीपीआई ने निर्देश दिया कि शिक्षकों प्रथम भाषा के रूप में हिंदी, उर्दू या मराठी का चयन करते हैं तो द्वितीय भाषा के रूप में अंग्रेजी होगी।

बाल विवाह मुक्त भारत के लिए अभियान हुआ शुरू

डीआर संवाददाता»आष्टा

भारत को 2030 तक बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए संघ सरकार के वृहद निर्देश और बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के एक साल पूरे होने के मौके पर मिशन शक्ति कैम्पेन अंतर्गत अंतर्विभागीय अभियान के तहत जिले के बाल विवाह के खाते के लिए जमीन पर काम कर रहा है। संभाग महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के एक साल पूरा होने के अवसर पर नई दिल्ली में इस 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सभी सरकारी विभागों व एजेंसियों के साथ करीबी समन्वय से काम करने का संकल्प दोहराया। मिशन शक्ति सोशल मोबलाइजेशन फॉर्म्युलेशन जिले में अपने को बाल विवाह के खाते के लिए जमीन पर काम कर रहा है। संभाग महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के एक साल पूरा होने के अवसर पर नई दिल्ली में इस 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान की शुरुआत की। इस अभियान का उद्देश्य उस पूरे परिवेश को बदलना है जो बाल विवाह के फलने फूलने में मदद करते हैं। इन प्रयासों में किसी सफलता को रेखांकित करते हुए हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने भी कहा कि स्पष्ट नीतियों, लगातार की जा रही कार्रवाईयों और गांव–गांव तक पहुंच रहे प्रयासों की बदौलत भारत बाल विवाह से पूरी तरह खाली करने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। मंत्री ने अभियुक्त जारी कर सभी राज्य सरकारों से कहा है कि वे इस 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान को सफल बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करें।

पांच दिन में 42 किसानों से 450 ट्रक धान खरीदी

डीआर संवाददाता»सीहोर

विपणन वर्ष 2025–26 के लिए दाल, ज्वार, और बाजरा की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू कर दी है। इसके तहत ज्वार और बाजरा की खरीदी 24 नवंबर से 24 दिसंबर 2025 तक चलेगी। दाल की खरीदी एक दिसंबर 2025 से 20 जनवरी 2026 तक होगी। शनिवार और रविवार को अवकाश को छोड़कर अब तक पांच दिन में 42 किसानों से 450 टन धान खरीदी जा चुकी है। भारत सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य के अनुसार इस साल धान कॉमन की खरीदी 2389 प्रति क्विंटल, जबकि धान ग्रेड–ए की खरीदी 2389 प्रति क्विंटल की दर से होगी। मोटे अनाजों में ज्वार मालदण्डी का मूल्य 3749 प्रति क्विंटल और ज्वार हाईब्रिड का मूल्य 3699 प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। वहीं बाजरा 2775 प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा।शनिवार से फिर से खरीदी शुरू होगी। धान खरीदी के लिए जिले में कुल 12 खरीदी केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर कुल 9011 किसान अपनी उपज बेचने के लिए पंजीयन करा चुके हैं।

किसान फूट–फूट कर रोया खुले में फेंकी प्याज, बोला– भाव 10 रुपए प्रति कट्टी भी नहीं मिल रहा

डीआर संवाददाता»सीहोर

सीहोर जिले में प्याज के कम दाम मिलने से किसान परेशान हैं। सोमवार को ग्राम गौरमिया के किसान मांगीलाल वर्मा अपनी प्याज की फसल पर फूट–फूट कर रो पड़े। उन्हें एक कट्टी की लागत भी नहीं मिल पा रही है।

किसानों का कहना है कि इस समय प्याज का भाव 10 रुपए प्रति कट्टी भी नहीं मिल रहा है। इससे उनकी लागत तो दूर, मजदूरी का खर्च भी नहीं निकाल पा रहा है। किसानों को बोली नाम बोलनी पड़ रही है। एक तरफ सोयाबीन की फसल कम वर्षा और बीमारी के कारण बर्बाद हो गई, वहीं दूसरी तरफ प्याज भी घाटे का सौदा साबित हुई है। किसानों ने प्याज को जैक दिया

कुतुर्न किसान मांगीलाल वर्मा ने कहा कि उन्होंने पूरे खेत में प्याज बोई थी, जो अब खराब हो गई है। उन्हें घर चलाने की चिंता सता रही है। कई किसानों ने गांव से बाहर, बाजारों पर और सड़कों में प्याज फेंककर भी अपना विरोध जताया है। इस विरोध प्रदर्शन में दोराहा वर्मा, वीर सिंह, अमोल, देवकरण सहित सैकड़ों किसानों ने प्याज को गला न्यूनतम सरकार से अपनी समस्याओं के समाधान की अपील की।

एक दिन पहले भी किया था प्रदर्शन एक दिन पहले शनिवार को किसानों ने प्याज की माला पहनकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्राम लोकशिक्षा और आस्थास के खेतों से सामने आई इन तस्वीरों ने किसान अपनी बेबसी जाहिर कर रहे हैं। यह विरोध प्रदर्शन शिवकुमार और रामकरणसेठी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में शुरू हुआ। किसानों की मुख्य मांग है कि प्याज को भावांतर योजना के तहत खरीदा जाए और उन्हें सही दाम मिले।

50 मीटर, रातनाबालिग बालिका को पुलिस ने बरामद किया

डीआर संवाददाता»आष्टा

पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार दुब्बा द्वारा जिले में मे शुभ हो रही नाबालिग बालिकाओं की उपलब्धी हेतु दिये गये निर्देशों के सारल्य मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर सुनीता रावत, एसडीओपी मुन्नी रवि शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रेहटी निरीक्षक राजेश कहारे के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये नाबालिक बालिका को दस्तयाब किया गया है। एक दिसंबर को परिवादी ने थाना आकर सूचना दिया कि 30 नवंबर को घांडे के 2 बजे मेरी नाबालिक लडकी उम्र 16 साल 07 माह को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर ले गया है कि रिपोर्ट पर थाना रेहटी मे अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। पुलिस द्वारा कार्यवाही–प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये एक टीम जिसे सुशील पारधेय के नेतृत्व मे गठित की। उक्त प्रकरण मे मिखेचना के दौरान गुप्तचर सूचना और सायबर सेल की मदद से आरोपी निशिन कटारे के कब्जे से नाबालिक बालिका को थाना कोतवाली जिला हरदा से दस्तयाब कर परिवारजनों को सुपुर्द किया गया एवं आरोपी निशिन पिता ओमप्रकाश कटारे उम्र 25 साल निवासी वार्ड न. 13 इन्दिरा मार्ग को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी रेहटी निरीक्षक राजेश कहारे, टीम प्रभारी, उप्नि सुशील पारधेय, प्रधान जयनारायण, आर संतोष कुमार आर, विकास नागर, मजबर निशिका एवं साइबर सेल सीहोर की सराहनीय भूमिका रही।

विवाह की मिसाल, सादगीपूर्ण ढंग शादी करने का निर्णय

डीआर संवाददाता»सीहोर

महेश एक अभिनाष है। इस वाणालिक संदेश को जाट परिवार ने सच कर दिखाया है। गांव निगोवा निवासी कपिल जाट के परिवार ने अपने बेटे की शादी में बधू पक्ष द्वारा दिए गए 5 लाख रुपए तीतारकर समाज के सामने एक नई मिसाल पेश की है। उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया है कि ये आज के आधुनिक दौर में दहेज के खिलाफ एक सशक्त विकल्प हैं। विवाह पूरी सादगी के साथ, बिना किसी लेन–देन के करेंगे। निगोवा निवासी कपिल, जो तेजराम जाट के बेटे हैं, पिछले चार साल से दुबई में चार्टर्ड अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत हैं इसी दौरान उनकी मुलाकात हरदा निवासी निधि गौरा, पिता महेश जाट से हुई। वह भी दुबई में चार्टर्ड अकाउंटेंट के रूप में काम कर रही हैं। यह आत्म–पहचान जल्द ही प्रेम में बदली और फिर शादी के रिश्ते में बदल गई।शादी की तारीख 10 दिसंबर तय हुई। कपिल ने जब अपने परिवार को इस रिश्ते के बारे में बताया तो उन्होंने न–केवल शादी के लिए सहमति दी, बल्कि सादगीपूर्ण ढंग से शादी करने का भी निर्णय लिया। दोनों परिवारों केवरन समारोह में लौटाई एनसीसीयों दिनों जब शुभ पक्ष (निधि के परिवार वाले) लग्न लेकर कपिल के घर सिगोंव पहुंचे, तो उन्होंने नारियल के साथ ही वर वधू की गोद 5 लाख रुपए से भर दी।

भूमि पूजन | नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने करवाए करोड़ों के विकास कार्य, कहा विकास कार्य में नहीं किया जाएगा भेदभाव

क्षेत्रवासियों को मिलेगी खस्ताहाल सड़कों से मुक्ति, 12 में सात लाख 30 हजार की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य के भूमि पूजन

डीआर संवाददाता»सीहोर

शहर को सुंदर बनाने के लिए हमें लोगों को जागरूक करने के साथ–साथ मिलकर कार्य करना चाहिए। स्वच्छता एक अच्छी आदत है, जो हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाती है। क्षेत्रवासियों के सहयोग से हम प्रदेश में स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रथम स्थान पर हैं और इसी तरह सहयोग रहा तो आने वाले समय में देश के प्रथम स्थान पर होंगे। उक्त विचार रविवार को शहर के वार्ड क्रमांक 12 में सात लाख 30 हजार की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य के भूमि पूजन के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहे। इस मौके पर क्षेत्र में करोड़ों रुपए के विकास कार्य कराए जाने पर पार्षद प्रतिनिधि ब्रजमोहन यादव ने कहा कि बिना भेदभाव के विकास कार्य किए जा रहे हैं। लाखों रुपए से निर्मित होने वाली सीसी रोड के पश्चात वार्डवासियों को खस्ताहाल सड़क से मुक्ति मिलेगी। किसान के साथ–साथ शहर को सुंदर और स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी क्षेत्रवासियों की है।

जानकारी के अनुसार नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने रविवार को वार्ड की महिलाओं से वार्ड क्रमांक 12 अंतर्गत आने वाले सात लाख 30 हजार से बनाए जाने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। पार्षद प्रतिनिधि ब्रज ने बताया कि वार्ड क्रमांक 12 अंतर्गत आने वाले सात लाख 30 हजार से बनाए जाने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। पार्षद प्रतिनिधि ब्रज ने बताया कि वार्ड क्रमांक 12 अंतर्गत आने वाले सात लाख 30 हजार से बनाए जाने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। कार्यक्रम में नरेन्द्र राजपूत, कमलेश राठौर, लोकेन्द्र वर्मा, गंगाराम पहलवान, नाथूलाल यादव, छोटेलाल यादव सहित कई शामिल थे।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष,04 - 2082 | सीहोर,दिन सोमवार,दिनांक 08 दिसंबर 2025

न्यूज गैलरी

पं. सिद्धनाथ शर्मा का निधन, दी श्रद्धांजलि

सीहोर। ग्राम नयापुरा नयापुरा निवासी ब्यवसायक पं. सुरेश शर्मा, पं. बंटी शर्मा, पं. सुनील शर्मा, पं. गणेश शर्मा के पिताजी एवं वरिष्ठ ब्यवसायी पुरोहित पं. सिद्धनाथ शर्मा का आकस्मिक निधन सीहोर को हो गया। पुरोहित पंडित सिद्धनाथ शर्मा सरल सहज मिलनसार सामिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर चले गए। रविवार को नयापुरा विश्राम घाट पर उनके परिजनों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। पंडित शर्मा के आकस्मिक निधन से जाने से क्षेत्र के ग्रामीणजनों सहित सामाजिक, धार्मिक व सांस्कृतिक संगठनों एवं प्रतिनिधियों ने शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

कृषि महाविद्यालय हुआ आयोजन

सीहोर। अंतरराष्ट्रीय मृदा दिवस का आयोजन राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियरके अंतर्गत आष्टा के कृषि महाविद्यालय सीहोर में किया गया। इयरप्रेजन में मुख्य अतिथि सीएमएचओ डॉ. सुधीर कुमार शेखरिया, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एन. वासीम अख्तर के रूप में तथा मृदा विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष ने एग्रोनॉमी मुख्य सत्रोपाक के रूप में उपस्थित रहे। कृषक प्रतिनिधि के रूप में प्रगतिशील कृषक महेन्द्र सिंह एवं गणा गौर कार्यक्रम में शामिल हुए।

45 दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

सीहोर। जिला पंचायत सीईओ राजेश शाह ने सीहोर विकास प्रशासनी सभागार्ला के इयकरता विभाग द्वारा आयोजित माटी शिल्प करा के 45 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने स्वयं बाक नहीन पर माटी शिल्प के आकर बनाकर तैयार किए और सभी हितग्रहियों का उत्साह वर्धन किया। उल्लेखनीय है की माटी शिल्प को बढ़ावा देने के लिए इस प्रशिक्षण हेतु जिला प्रशासन कार्यालय द्वारा 27 महिला हितग्राहियों का चयन किया गया था। इस दौरान प्रशासन की सहायक संचालक आकाश गोयल और शिल्प प्रशिक्षक सहित हितग्राही उपस्थित थे।

15 को होगा मतदान और मतगणना

सीहोर। सोनावर को शाम 4 बजे तक नाम निर्देशन पत्र वापस लेने का अंतिम समय है। इसके बाद स्थिति साफ होगी कि विजय अभिभाषक संघ के चुनाव होंगे या निर्विरोध परिणाम घोषित होंगे। किसी भी पद के लिए यदि एकाधा प्रत्याशी मैदान में रहे तो 15 दिसंबर को शुक्र 11 से शाम 4 बजे तक मतदान होगा। मतदान के ठीक बाद मतगणना होगी और परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। बता दें कि जिला अभिभाषक संघ के 387 सदस्य है, जो अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

14 को भोपाल में होगा युवक-युक्ती परिचय सम्मेलन

सीहोर। सह राजपूत समाज संस्था द्वारा 8वां अमा युवक-युक्ती परिचय सम्मेलन 14 दिसंबर को भोपाल में आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन संस्था के महाराणा प्रताप भवन, बार इमली, मेन रोड नंबर 3 भोपाल में सुबह 10:30 बजे से शुरू होगा। पंजीयन की अंतिम तारीख 10 दिसंबर है।

स्रोत प्रतियोगिता शासकीय कन्या महाविद्याल में हुई संभाग स्तरीय महिला स्त्री-स्त्री प्रतियोगिता

भोपाल संभाग की 7 टीमों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

डीआर संवाददाता»सीहोर

शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में संभाग स्तरीय महिला स्त्री-स्त्री प्रतियोगिता का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में भोपाल संभाग की कुल 7 टीम रायसेन, सलामत, भोपाल, सीहोर, विदिशा, बैतूल और नर्मदापुरम ने उत्साहपूर्ण सहभागिता दर्ज की। खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, टीम भावना और अनुशासन का अद्भुत प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में खो खो फेडरेशन के अनुभवी रेफरी अनिल कुमार, स्वतंत्र विश्वकर्मा, अनिल प्रजापति और रोहित गोस्वामी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। खेल संचालन की स्वच्छता, निष्पक्षता और गुणवत्तापूर्ण निर्णय सुनिश्चित करने में उनकी भूमिका सराहनीय रही। इस आयोजन के मुख्य आयोजक शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर के प्राचार्य अधिकारी रवि बिरहा थे। उन्होंने कहा, इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में खेल भावना, प्रतिस्पर्धात्मक दक्षता और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देना है। हमें गर्व है कि संभाग की प्रत्येक टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और खिलाड़ियों ने कड़ी एवं समर्पण का उत्कृष्ट परिचय दिया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में जिले के अन्यान्य पीजी कॉलेज के प्राचार्य अधिकारी अनिल पिपलोदिया, डॉ कॉलेज के प्राचार्य अधिकारी नमहेश पवार, तथा जिले के अन्य महाविद्यालयों के प्राचार्य अधिकारी महेश्वर काले और जावरा महाविद्यालय के प्राचार्य सहयोग प्रदान किया। आयोजित हुए कार्यक्रम में आयोजक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनूप सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा, कन्या शिक्षण संस्थान में ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करता है और उन्हें आत्मविश्वासी बनाता है। महाविद्यालय सदैव छात्राओं के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी टीमों के प्रदर्शन की प्रशंसा की और विजेता खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा और आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस संभाग स्तरीय महिला स्त्री-स्त्री प्रतियोगिता में टीम नर्मदापुरम विजेता तथा टीम सीहोर उपविजेता रही। विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। यह प्रतियोगिता खेल भावना, अनुशासन और उत्कृष्टता का प्रतीक बनकर सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

नगर में नालियां कचरे से पटी लेकिन कोई देखने वाला नहीं

डीआर संवाददाता»आष्टा

आष्टा नगर में इस समय कई जगह पर नालियों की सही तरह से सफाई नहीं होने के कारण ओवर फ्लो हो रही हैं। इसी तरह वार्ड क्रमांक 16 साकी कॉलोनी से बाबा गणपति मंदिर के सामने वाली गली में नाली पिछले का दिनों से जाम होने की वजह से लगातार पानी सड़क पर बह रहा है। साथ ही उसकी दुर्गंध की वजह से घरों के लोगों को काफी परेशानी का सामना भी करना पड़ रहा है। इसकी शिकायत नगर पालिका के कर्मचारी तथा पार्षद से भी करने के बावजूद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यहां पर जो नाली को ढक्कर बना है उसके अंदर गलत फंसने की वजह से पानी की सफाई बंद हो गई है। जिससे नाली का गंदा पानी सड़क पर फैल रहा है। -सुरेन्द्र ठाकुर

बस स्टैंड प्रवेश मार्ग को किया जा रहा संकरा

आष्टा वासियों को बस स्टैंड छोड़ने आने व ले जाने वाले लोगों के दुपहिया वाहन सड़क-पटरी खड़े करने से परिसर के चारों तरफ अव्यवस्था फैल रही है। इसी तरह बस स्टैंड के प्रवेश मार्ग पर ठेला व वाहनों के खड़े होने के कारण बसों को अंदर व बाहर निकालने में काफी मशक्कत का सामना करना पड़ता। प्रवेश मार्ग को बीनी सड़क संकरा कर दिया गया है। इस वजह से बस चालकों को अंदर आने व बाहर निकालने में दिक्कत होती है। मगर तथा यातायात पुलिस को बस स्टैंड के दोनों मार्ग को संकरा किया गया उन्हें हटाने के लिए आगे को निर्देशित किया जाना चाहिए। राकेश डा.

वार्ड 16 में घरों के सामने भरे पानी के कारण बीमारी का खतरा

आष्टा नगर के वार्ड क्रमांक 16 में सेमनी रोड पर विधा कॉलोनी में बारिश कर पानी भरा हुआ है। कई खाली प्लॉट्स में बारिश और घरों का गंदा पानी जमा है, जिससे मच्छरों की पैदावार बढ़ रही है। इससे लोगों में बीमारी का डर बना हुआ है। वार्ड के लोगों ने नगर पालिका को शिकायत भी की है। यहां के निवासियों ने अपील में बताया कि इन प्लॉट्स के आसपास रहने वाले लोग मच्छरों से परेशान हैं।

खोत अधिकारी रवि बिरहा अखिल भारतीय सिविल सेवा एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए चयनित

डीआर संवाददाता»सीहोर

शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर के कीपर अधिकारी रवि बिरहा ने एक बार पुनः जिले का गौरव बढ़ाया है। उनका चयन अखिल भारतीय सिविल सेवा एथलेटिक्स प्रतियोगिता के 400 मीटर स्पर्धा हेतु मध्य प्रदेश टीम में किया गया है। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता आगामी 13 से 15 दिसंबर तक पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, पटना में आयोजित की जाएगी, जिसमें देशभर से चयनित श्रेष्ठ एथलीट भाग लेंगे। श्री बिरहा मध्य प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी गति, फिटनेस और उत्कृष्ट एथलेटिक क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। श्री रवि बिरहा लंबे समय से महाविद्यालय सहित जिले में खेलों को प्रोत्साहित करने, प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनकी यह राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धि जिले एवं संस्थान के लिए गौरव का क्षण मानी जा रही है। उनके चयन पर शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर के प्राचार्य महाविद्यालय का समस्त स्टाफ, जिले के वरिष्ठ अधिकारी, खेल संघ तथा छात्रा-छात्राओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। सभी ने विश्वास जताया है कि श्री बिरहा प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मध्य प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने अपने सफल चयनमें सहयोग करने वाले शिक्षकों, खिलाड़ियों और परिवारजनों का आभार व्यक्त किया।

खुली नालियों में कई बार जानवर गिर चुके बच्चों और बुजुर्गों

डीआर संवाददाता»सीहोर

नगर परिषद सीहोर द्वारा की गोपाल पटेल कॉलोनी इस दिनों व्यवस्था और लापरवाही का शिकार हो चुकी है। कॉलोनी में लगभग दो महीने पहले नाली निर्माण शुरू किया गया। कुछ दिन काम चलने के बाद इसे बीच में ही रोक दिया गया। आज दो महीने पूरे होने के बावजूद काम फिर शुरू नहीं हुआ है। इससे कॉलोनी के लोगों का धैर्य जवाब देने लगा है। नाली का निर्माण अधूरा छोड़ दिए जाने से कॉलोनी में जगह-जगह गहरे गड्ढे, खुली मिट्टी और खुली नालियां बड़ी समस्या बन गई हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि खुली नालियों में कई बार जानवर गिर चुके हैं। इससे न केवल जानवरों को चोट लग रही है, बल्कि बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा भी खतरे में है। लोगों को अनुसार, रात के समय अंधेरा न होने पर आवारा पशु और पालतू जानवर अक्सर इन गहरी नालियों में गिर जाते हैं। उन्हें बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है। लोगों ने बताया कि निर्माण शुरू होने पर यह उम्मीद थी कि जलभराव, गंदगी और दुर्गंध की समस्या से जल्द छुटकारा मिलेगा। लेकिन आधा-अधूरा काम लोगों के लिए समस्याएं और बढ़ गई हैं। खुदाई किए गए हिस्से में पानी का जमा हो जाता है, जिससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। वहीं खुली नालियों से उठने वाली बदबू के कारण लोगों का गली में रहना भी मुश्किल हो रहा है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि न नगर परिषद के अधिकारी यहां निरीक्षण करने पहुंचे और न ही कोई कर्मचारी सुध लेने आया।

अतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद ने मनाया शौर्य दिवस

डीआर संवाददाता»आष्टा

अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा जिला मुख्यालय पर विशाल वाहन रैली निकालकर शौर्य दिवस मनाया गया। सैकड़ों कार्यकर्ताओं के द्वारा मैदान पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। शहर के प्रमुख मार्गो से भव्य बाइक रैली निकाली गई। कार्यकर्ताओं के द्वारा जय श्रीराम के जय घोष के साथ मनाया खाक लहराया गया। अनेक स्थानों पर नागरिकों के द्वारा बाइक रैली में शामिल कार्यकर्ताओं पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में रैली अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पर बने बाबरी नामक मस्जिद जैसे ढांचे को विध्वंस करने में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले कारसेवकों की स्मृति में अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जिलाध्यक्ष मनीष नेवाडा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के द्वारा शौर्य दिवस मनाया गया। सिद्धी कॉलोनी मैदान से श्रीराम दरबार की विधिवत पूजा अर्चना के बाद विशाल वाहन रैली का शुभारंभ किया गया। विशाल रैली में मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ अध्यक्ष अतुल राठौर प्रांत महामंत्री राजीव भदौरिया, हिंदू हेल्पलाइन प्रांत उपाध्यक्ष, प्रांत मंत्री प्रकाश पलमार, मोनाचावाल, जिला मंत्री मदन रघुवंशी, राष्ट्र उपाध्यक्ष इंदरु मेवाड़ा, जिला मंत्री राजेश आर्य

अभिभाषक संघ चुनाव, नाम वापसी आज

सीहोर। जिला अभिभाषक संघ के द्विवार्षिक चुनाव को लेकर सोनावर में तस्वीर साफ होगी। सोनावर अध्यक्ष पद के लिए मैदान में कौन-कौन रहेगा, इसका फैसला होगा। बता दें कि अध्यक्ष पद के लिए चार प्रत्याशियों ने नाम निर्देशन पत्र भरे हैं। वहीं उपाध्यक्ष के लिए तीन नामांकन फार्म जमा हुए हैं। सचिव के लिए सिर्फ एक फार्म जमा हुआ है। 10 दिसंबर को मतदान होगा। इसके बाद परिणाम भी घोषित कर दिए जाएंगे। इधर सह जिला अभिभाषक संघ के चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं के अलावा लोगों की भी निगाह बनी हुई है। अध्यक्ष पद के लिए वर्तमान अध्यक्ष रामेश्वर यादव के अलावा, रेखा चौरसिया, लखन सिंह चौहान ने सीहोर ब्लाक के अन्य सभी पदाधिकारियों को संबोधित किया। वहीं आभार सालाहार सिंह सोलंकी ने व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि करणी सेना की 21 सूत्रीय मांगों में प्रमुख रूप से 12-13 जुलाई 2025 को हरदा लाठीचार्ज की न्यायिक जांच, दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई और झूठे प्रकरण वापस लेने की मांग शामिल है।

छोटी पुलिया से वाहनों की क्रासिंग में दिक्कत

डीआर संवाददाता»सीहोर

क्षेत्र में नदी-नालों पर बनी छोटी पुलिया लोगों के लिए मुसीबत बन गई हैं। बरसात में थोड़ी देर की बारिश से ही इन पर पानी भर जाता है। इससे रास्ता बंद हो जाता है। आमने-सामने से वाहन आने पर क्रॉसिंग भी नहीं हो पाती।

इन पुलिया से दर्जनों गांव के लोग रोज गली और तहसील मुख्यालय जाते-आते हैं। मंगी कला के कुलदीप सिंह ने बताया कि बालखेड़ी और मंडी कला के बीच नाले पर बनी पुलिया अब परेशानी का कारण बन गई है। बरसात में पानी आ जाने से रास्ता बंद हो जाता है। तब लोग को खेती होकर घूमकर जाना पड़ता है। गुराडिया गर्मा गांव के पास बूढ़ी नदी पर भी गांव के बीच में छोटी पुलिया बनी है। इस पर से कई गांव के लोग रोज आना-जाना करते हैं। हिम्मत सिंह और धर्मेंद्र पाटीदार ने बताया कि यदि बूढ़ी नदी पर पुल बन जाए तो लोगों को बहुत सुविधा मिलेगी। बरसात में भी रास्ता चालू रह सकेगा। खाली गांव के पास भी ऐसी ही पुलिया बनी है। बरसात में यह अक्सर बन जाती है। ग्रामीणों ने मांग की है कि इन जगहों पर बड़ी पुलिया बनाई जाए ताकि बरसात में भी रास्ता चालू रह सके।

आंदोलन करणी सेना परिवार के प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर के नेतृत्व में जन क्रांति न्याय यात्रा निकाली जाना है

हरदा आंदोलन को लेकर करनी सेना की हुई बैठक 21 सूत्रीय मांगों पर एकजुटता का किया आहवान

डीआर संवाददाता»सीहोर

करणी सेना परिवार के प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर के नेतृत्व में जन क्रांति न्याय यात्रा निकाली जाना है। इसके लेकर बैठक का आयोजन किया गया। यह यात्रा आगामी 21 दिसंबर को हरदा में 21 सूत्रीय मांगों को लेकर होने वाले शुभ क्रांति न्याय आंदोलन के लिए सर्व समाज को एकजुट करने और आह्वान करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। आज की बैठक में करनी सेना परिवार के जिलाध्यक्ष ईश्वर सिंह चौहान ने सीहोर ब्लाक के अन्य सभी पदाधिकारियों को संबोधित किया। वहीं आभार सालाहार सिंह सोलंकी ने व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि करणी सेना की 21 सूत्रीय मांगों में प्रमुख रूप से 12-13 जुलाई 2025 को हरदा लाठीचार्ज की न्यायिक जांच, दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई और झूठे प्रकरण वापस लेने की मांग शामिल है।

अन्य मांगों में एससीएसटी एक्ट के तहत बिना जांच गिरफ्तारी पर रोक लगाने और झूठे प्रकरण दर्ज कराने वालों पर कानूनी कार्रवाई की मांग भी शामिल है। प्रदिप महापुरुषों के इतिहास से छेड़छाड़ पर रोक, स्वर्ण आयोग का पुनर्गठन और मर्दी कानून बनाने की मांग भी उठाई गई है। किसानों के लिए स्वामीनाथन समिति की रिपोर्ट लागू करने, कृषि उपकरणों पर पूर्ण जीएसटी छूट देने और फसल नुकसान पर 65,000 प्रति हेक्टेयर मुआवजा सुनिश्चित करने की मांग भी इसमें शामिल है। बाजा में एमएचडीसी के स्मार्ट मीटरों पर प्रतिबंध लगाने, धर्म या जाति बदलकर परेशानी करने वालों पर कठोर कार्रवाई करने, लव मैरिज में माता-पिता की सहमति अनिवार्य करने, सरकारी नौकरियों में ग्रेडेशनली में आरक्षण समाप्त करने और गोमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने जैसी मांगें भी उठाई गई। पूर्व सैनिकों को नौकरियों में 10% आरक्षण, सरकारी स्कूलों की शिक्षा गुणवत्ता में सुधार, संविदा व आउटसोर्स कर्मचारियों का नियमितीकरण और पुलिस आरक्षकों के लिए 2400 ग्रेड पे लागू करने की मांग भी इस सूची में शामिल है।

संविधान की रक्षा करना हम सबका दायित्व:इंजीनियर

डीआर संवाददाता»आष्टा

भारत रत्न और संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने इस देश को एक ऐसा संविधान दिया है, जो सागर में सागर के समान है। आज कुछ नेता दिन-रात संविधान की प्रति बगली हाथों में, कभी जेब में लेकर घूमते हैं। सभाओं और रैलियों में उस संविधान की रक्षा की दुहाई देते हैं। सच्चे अर्थों अगर किसी ने संविधान की हत्या की है, संविधान में जो निष्ठा है उसकी धज्जियां उड़ाई हैं, तो वह वही दल है जो हाथों में जाल लगाए लिए घूमते रहते हैं।

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-03,2082 | विदिशा, दिन सोमवार ,दिनांक 08 दिसंबर 2025

न्यूज गैलरी

प्री–मैट्रिक कन्या छात्रावास का किया निरीक्षण

विदिशा। शमशाबाद तहसीलदार लता पाल ने शमशाबाद स्थित निशुल्क प्रीमैट्रिक कन्या छात्रावास का विस्तृत निरीक्षण किया गया। उन्होंने छात्रावास परिसर, भोजनालय, आवासीय कक्ष, स्वच्छता व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था तथा मूलभूत सुविधाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया है।

19 पंच, सरपंच व जनपद सदस्य के होंगे चुनाव

विदिशा। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2025 (उत्तरार्द्ध) हेतु निर्वाचन कार्यक्रम (समय अनुसूची) जारी की गई है। आयोग के निर्देशों के मुताबिक सोमवार 8 दिसंबर को अधिसूचना के प्रकाशन की कार्यवाही की जाएगी। जिले में 19 पंच और एक–एक सरपंच और जनपद सदस्य का निर्वाचन होना है।

विकास नहीं होने पर पार्षदों का धरना जारी

विदिशा। शहर के गांधी चौक पर भाजपा के नाराज पार्षदों द्वारा विकास कार्य न होने को लेकर धरना दिया जा रहा है। वे धरना लगातार जारी है। इसको लेकर वे अपनी बात निकालने से लेकर मंत्रालय जुबुल और बड़े–बड़े नेताओं से मिलकर अपनी बात रख चुके हैं।

पं विश्वनाथ शास्त्री जयंती पर होगी रामकथा

विदिशा। कल ग्रामदिवाकर पं विश्वनाथ शास्त्री जयंती महोत्सव एवं श्रद्धांजलि एवं श्रीरामकथा का आयोजन 10 दिसंबर 10 दिसंबर तक होगी। बजरंग शरण महाराज कथा करेंगे। कथा का आयोजन चौपड़ा स्थित व्यायाम शाला परिसर में दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक होगा।

विधायक मीणा का दौरा नटेरन व खंडेर में आज

विदिशा। रामसनेही विधायक सुरेन्द्रसिंह मीणा सोमवार की दोपहर 12 बजे नटेरन के शासकीय अस्पताल पहुंचकर डिजीटल एक्सरे मशीन का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद ठीक बजे ग्राम खंडेर पहुंचकर सामुदायिक भवन का भूमिपूजन करेंगे। वहीं खंडेर के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्र–छात्राओं को साइकिल वितरण किया जाएगा।

किसान कांग्रेस की कार्यकारिणी घोषित

विदिशा। किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विनीत दांगी ने जिला कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए 7 उपाध्यक्ष, 16 महामंत्री सहित 26 सचिवों के नामों की सूची कर दी है। यह सभी नियुक्तियां प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के मार्गदर्शन में किसान कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष जगदीप सिंह पंजाब की स्वीकृति मिलने के बाद जारी की।

हाईकोर्टका फैसला: पूरनपुरा चौराहे से क्रांतिचौक के बीच स्थित है यह कीमती जमीन

शहर की बेशकीमती 52 बीघा जमीन को हाईकोर्ट ने वक्फ की संपत्ति माना

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

नगर के मध्य क्रांतिचौक और पूरनपुरा के बीच स्थित बेशकीमती 52 बीघा जमीन को हाईकोर्ट ग्वालियर ने वक्फ संपत्ति मानते हुए अपना अहम फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ग्वालियर के

न्यायमूर्ति जीएस अहलूवालिया की अदालत ने सुनाया है। इस बेशकीमती जमीन पर मालिकाना हक जताते हुए दावा पेश किया गया था। जिसमें दूसरी तरफ से वक्फ बोर्ड को पार्टी बनाया गया। वक्त जमीन के मालिकाना हक को लेकर कुछ लोग न्यायालयीन लड़ाई लड़ रहे थे। लेकिन शासकीय दस्तावेजों में उक्त जमीन वक्फ बोर्ड की संपत्ति के रूप में दर्ज है। न्यायालय ने यह भी तर्क दिया है कि जमीन पर मालिकाना हक जताने वाले अपना दावा साबित करने में असफल रहे। वह

रह सिविल रिवीजन न्यायालय वक्फ बोर्ड हुए वर्ष 2019 में दिये फैसले को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट ग्वालियर में याचिका दायर किया गया था। मामले में विदिशा नगर की सर्वे नंबर 658, 659, 660, 661 की कुल भूमि 11.519 हेक्टेयर को लेकर यह दावा प्रस्तुत किया गया था। यह जमीन कुल मिलाकर लगभग 52 बीघा जमीन है। हाईकोर्ट में आवेदकों ने बताया था कि इस जमीन का मूल मुख्तयारनामे खां थे और इनकी मृत्यु 1954 में हो गई थी। उनके बाद यह संपत्ति उनकी विधवा शकर बी को मिली। अदालत में बताया गया कि पहले खाता नंबर 133 में नबी खां, नजीर खान, शकूर खान और नाकूर खान की संयुक्त संपत्ति थी। बटवारे के बाद शकर बी को उक्त संपत्ति का एक तिहाई यानी 52 बीघा मिली। शकर बी के दो वारिस बेगम बी और बच्चों की वलिद कुरैशी खान थे। बेगम बी निःसंतान रही और बच्चों बी के लखपत खान, जुबैदा, अमीना हसीना वारिस रहे। इसके बाद अलग अलग लोग भी इस जमीन पर अपना मालिकाना हक जताते रहे। बटवारा और दिल्ली बटवारा भी इस जमीन को लेकर न्यायालयों में दावा जताते रहे हैं।

वक्फ बोर्ड से लेकर अन्य न्यायालयों में यह मामला चलता रहा। लेकिन वक्फ बोर्ड इसे अपनी संपत्ति मानता रहा। क्योंकि 1951–52 में यह संपत्ति वक्फ संपत्ति के रूप में दर्ज हो चुकी थी। हाईकोर्ट ने यह भी माना है कि यह वक्फ संपत्ति थी और मूल्ये खां का इस जमीन में एक तिहाई हिस्सा नहीं था। वह यह अपना मालिकाना हक साबित करने में कोई ठोस दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं कर सका। न्यायालय ने तर्क दिया है कि वक्फ में संपत्ति दर्ज होने के पहले मूल्ये खां इस जमीन के असली मालिक हैं ऐसे कोई दस्तावेज सामने नहीं लाए जा सके हैं। हाईकोर्ट के माननीय न्यायाधीश जीएस अहलूवालिया ने अपने फैसले में लिखा है कि 27 अक्टूबर 2025 को चुन्नी खान बनाम मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड और अन्य मामले में सिविल रिवीजन नंबर 782/2019 में दिए गये अपने आदेश में यह माना है कि चुन्नी खान यह साबित करने में नाकाम रहे कि विवादित प्रॉपर्टी के मालिक गुल्ये खान थे। इसलिए एमपी वक्फ ट्रिब्यूनल भोपाल द्वारा केस नंबर 3362006 में 22/08/2019 को पारित आदेश को ही स्वीकारते हुए इस सिविल रिवीजन को खारिज किया जाता है।

वर्षों से खेती करता आया है यादव परिवार

इस विवादित जमीन पर यादव परिवार और अन्य लोग वर्षों से खेती करते आए हैं। जमीन पर इन लोगों का कब्जा भी है और किसी तरह का कोई विवाद भी नहीं था। लेकिन जैसे ही जमीन महंगी हुई और करोड़ों में कीमत पहुंची तो बुनियादी से लेकर तमाम लोग सक्रिय हो गए। इस जमीन पर काबिज लोगों को भी अदालत आदेश के तहत से प्रशासित किया गया। जब आमन कानून में जमीन बेची जाने की चर्चाएं चलने लगी तो राजनीतिक और प्रशासनिक हलकोंके से वर्षों से खेती करने वालों को खेत भी मिल गया। हालांकि न्यायालय ने जमीन पर काबिज लोगों को बंटाईदार मानते हुए जमीन का मालिक मानने से इंकार कर दिया है। हालांकि कानूनन स्थिति में इस जमीन पर बहुत सारे लोग मकान बनाकर काबिज हो चुके हैं।

7.5 डिग्री पारा, बादलों ने रोकी धूप, ठंडी हवा से बढ़ी सिहरन

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

विदिशा और आसपास के इलाकों में रविवार को ठंड ने और पकड़ा। उत्तर–पूर्व से नमी युक्त हवा आने से मौसम बदल गया। आसमान में बादल छा गए। सुबह कोहरा भी रहा। दिनभर तेज धूप नहीं निकली। इससे ठंड और बढ़ गई और ओस की बूंदें भी जमने लगीं। बादलों के कारण रात का तापमान 2 डिग्री बढ़कर 7. 5 डिग्री पहुंच गया। शनिवार को यह 5 डिग्री था। दिन का तापमान 24.5 डिग्री रहा। 5 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही ठंडी हवा ने लोगों को कंपकंपा दिया। मौसम विभाग के अनुसार, 10 दिसंबर तक ऐसा ही मौसम बना रहेगा।

एसएस. तोमर मौसम विशेषज्ञ पहले पूर्व से हवा चल रही थी, अब हवा उत्तर पूर्व से चलने लगी है। इसके चलते रविवार को दिन भर बादल छाए रहे। इसके चलते रात के तापमान में बढ़ोतरी हुई है।

ठंड के मौसम में कई फायदे

इम्युनिटी बढ़ती है। वजन घटाने में मदद मिलती है। नींद अच्छी आती है। पसीना कम निकलने से इनकेलन का खतरा घटता है। मूड अच्छा रहता है।। है। दिमाग तेज होता है। जोंट और रोगाणु कम सक्रिय होते हैं। जल स्वेद सुस्थित रहते हैं। बाहर चलना, दौड़ना और खेलना आसान होता है। ठंड में गर्म खाना और पेय ज्यादा स्वादिष्ट लगते हैं।

हवा का दबाव कम होने से बढ़ता है तापमान

जबकि पश्चिमी से आने वाली हवा शुष्क होती है। हवा का दबाव कम होने से तापमान बढ़ता है और दबाव अधिक रहने से तापमान कम हो

नटेरन में विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल द्वारा त्रिशूल दीक्षा एवं शौर्य यात्रा सम्पन्न

डीआर संवाददाता ✉ नटेरन

विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल प्रखंड नटेरन द्वारा सामुदायिक भवन नटेरन में त्रिशूल दीक्षा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह चौहान ने त्रिशूल दीक्षा के महत्व पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए उपस्थित कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।

उद्बोधन के पश्चात नगर में विशाल शौर्य यात्रा निकाली

गई। यात्रा में संपूर्ण प्रखंड के गांवों से आए कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्ण सहभागिता दर्ज कराई, जिससे नगर का वातावरण धर्ममय हो गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित

रहे

प्रांत सह मंत्री कलखान सिंह ठाकुर, विभाग संगठन मंत्री सुरेश माहेश्वरी, जिलाध्यक्ष गोविंद सिंह बाकानी, जिला मंत्री श्री राजकुमार मीणा, जिला सहमंत्री दीपक यादव, जिला कोषाध्यक्ष हिम्मत सिंह राजपूत, लज्जाराम मीणा, श्री सतीश यादव। प्रखंड स्तर से प्रखंड अध्यक्ष रामकरण मीणा, प्रखंड मंत्री अंकेश यादव, संयोजक विशाल यादव, प्रखंड उपाध्यक्ष प्रमुख डॉ. विजय मीणा, लखन लोधी, मंजीत मीणा, सुमित रघुवंशी, ऋषभ रघुवंशी सुदर्शन सोलंकी शुभम दांगी सहित संपूर्ण प्रखंड टोली भी उपस्थित रही

महिला ने सल्फास की 5 गोलियां खाकर की आत्महत्या

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

जतखेड़ा रोड स्थित पीएल आवास कॉलोनी निवासी 48 वर्षीय खिलाल सिंह कुटारिया नामक एक युवक ने सल्फास गटककर आत्महत्या कर ली है। यह घटना शनिवार की दोपहर के समय की है। युवक को अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान उसने दमतोड़ दिया।

एडवोकेट प्रवेश शर्मा ने बताया कि युवक नंजबासौदा में नौकरी करता था। पुलिस ने उसके पास से सुसाइड नोट

बरामद किया है और उसके मृत्यूपूर्व कथन भी लिये गये हैं। पुलिस ने पीएम कराने के बाद शव परिजनों को सौंपा। इसके बाद रविवार को अंतिम संस्कार भी कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार युवक ने आत्महत्या करने से पहले सोशल मीडिया पर अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए एक महिला पर ब्लैकमेल किये जाने के आरोप लगाए हैं। युवक ने आत्महत्या करने से पहले महिला से संबंध और उसके द्वारा उससे रुपये ऐंठने के गंभीर आरोप लगाए। खिलाल के माता पिता नहीं रहे और वह परिवार में अकेला ही था।

युवा ब्राह्मण विकास परिषद की बैठक संपन्न

ग्यारसपुर। युवा ब्राह्मण विकास परिषद की बैठक में सर्व समिति से ग्यारसपुर मंडल अध्यक्ष लवी शर्मा व मंडल प्रभारी अजय शर्मा जी को नियुक्त किया गया। वह नियुक्ति जिला अध्यक्ष बनाने गिरा के द्वारा की गई। जिला प्रभारी आकाश कटारे जिला महामंत्री गिरुष शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शुभम गिरा को अनुशंसा पत्र दी गई। वैठ प्रमोद शास्त्री, सुरेंद्र भार्गव, अभिषेक आचार्य, मनोज भार्गव राहुल बीजन, जय शर्मा सहित ग्यारसपुर गौरा से विजय रहे।

प्रज्ञा प्रवाह के द्वारा भारतीय अर्थव्यवस्था पर संगोष्ठी हुई

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

वर्ष 2008 के ग्लोबल फाइनेंस हाइसिस के समय इकोनामी और आज की इकोनॉमी में बहुत अंतर बताया। आज हम बाहरी देशों पर कम निर्भर हैं और हमें पारिवारिक एवं जुड़ता बनाकर रखने की आवश्यकता है। यदि परिवार टूटेंगे तो लोगों को अपेक्षा नए घर बसेंगे और उतना ही अधिक सामान की डिमांड बढ़ेगी। यह बात पीजीआईएमटी कॉलेज में आयोजित संगोष्ठी में प्रज्ञा प्रवाह मध्य भारत प्रांत के वीए रिसेच शर्मा ने कही। शर्मा ने उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था

से जुड़ी पुस्तक कॉन्टेम्पोरारिज फॉर गोल्डन टाइम्स लेखक राम बालसुब्रमण्यम पर भी चर्चा की। कॉलेज के संचालक आनंद शर्मा ने अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। प्रवीण जी ने कंपनी के आईटीओ व सेवर मार्केट के कर्मचारी एवं एडवोकेट ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भी सहभागिता की।

टीचर्स बोले - पहली नौकरी से मानी जाए सीनियरिटी

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

राज्य शिक्षक संघ मध्यप्रदेश ने विदिशा में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया है। संघ ने वर्ष 1998 से कार्यरत शिक्षक संवर्ग के शिक्षकों की वरिष्ठता वर्ष 2018 से मानने जाने का विरोध किया है। इसके साथ ही, ई–अटेंडेंस व्यवस्था को भी कर्मचारियों के लिए परेशानी भरा बताया गया है।

संघ का कहना है कि 2018 में नवीन पदस्थापना के कारण शिक्षकों की पूर्व की 20 वर्षों की वरिष्ठता शून्य हो गई है। इससे उन्हें सेवानिवृत्ति, पेंशनवृद्धि,

पेंशन और अन्य सेवा लाभों में आर्थिक नुकसान हो रहा है। संघ ने मांग की है कि शिक्षकों को प्रथम नियुक्ति वर्ष 1998 से ही वरिष्ठता प्रदान की जाए।

ई–अटेंडेंस व्यवस्था पर उठाए सवाल

ई–अटेंडेंस व्यवस्था को लेकर संघ ने कहा कि सर्वर बंद्रो में नेटवर्क की समस्या और ऐप की तकनीकी खामियों के कारण समय पर उपस्थिति दर्ज नहीं हो पाती। इससे शिक्षकों को वेतन संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ता है और मानवीय भूल पाई गई प्रभावित होती है। संघ ने ई–अटेंडेंस को वेतन निर्धारण से तत्काल अलग करने की मांग की है।

राज्य शिक्षक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष जेन नारायण परिहार ने कहा कि जिलों की समीक्षाओं की नियुक्ति एक बार होती है, पर्ची बार–बार बदला नहीं जा सकता।

आव्हान | सक मशहूर कार्टूनिस्टआबिद सुरती भी हुए शामिल

गांधीवादी पालीवाल और गर्ग ने फिर किया बेतवा को सदनीरा बनाने का आव्हान,

जलसंरक्षक आबिद सुरती का बेतवा को सदनीरा बनाने पर जोर

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

बेतवा को सदनीरा बनाने का संकल्प लेकर शासन द्वारा बनाए गए 52 चेकडेम के अच्छे परिणाम मिलने के बाद इस बार फिर से अभियान शहरवर्ष भीषण गर्मी के बावजूद गांधीवादियों की टोली ने बेतवा के उद्गम स्थल झिरी पहुंचकर 52 चेक डेम का निरीक्षण अभियान से किया था। इससे झिरी में अभी भी पानी भी

बहती हुए नदी बनाने का संकल्प लेकर काम कर रहे प्रख्यात गांधीवादी आरके

पालीवाल, डॉ सुरेश गर्ग, प्रो अरविंद द्विवेदी आदि ने इस बार फिर से अभियान को गति सुरती ने बताया महान आबिद सुरती मुंबई के मशहूर

कार्टूनिस्ट अंकल है है और और उन्होंने यहां पर ड्राय डेम फाउंडेशन अभियान चलाकर नाले से टपकने वाले पानी को रोका है। उन्हें राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित भी किया गया है। वे अब 80 वर्ष के हो चुके हैं और उम्र हिमाचल के पर्वतों से रहते हैं। बेतवा के उद्गम स्थल झिरी पहुंचकर उन्होंने बेतवा को सदनीरा बनाने के अभियान को अपना समर्थन दिया है। आबिद सुरती ने प्रश्नों के लिए जल की अनिवार्यता के साथ इसमें

जरूरतमंदों को मानव सेवा न्यास ने बांटे 100 कंबल

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

मानव सेवा न्यास विदिशा ने सेवा कार्य के तहत 100 से अधिक कंबल और स्वेटर जरूरतमंद महिलाओं और पुरुषों को वितरित किए। कार्यक्रम न्यास परिसर में हुआ। न्यास अध्यक्ष सेवा संत मंगल ने मानव सेवा न्यास के इतिहास की जानकारी दी। इसके बाद सभी ने मिलकर जरूरतमंदों को कंबल बांटे। पूर्व अध्यक्ष श्याम बिहारी भार्गव ने न्यास की गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. जीके महेश्वरी और डॉ. वेद प्रकाश मेहरा मौजूद रहे। अग्रवाल तिलहन व्यापार संघ के अध्यक्ष राधेश्याम महेश्वरी, अग्रवाल धर्मशाला ट्रस्ट के अध्यक्ष मनमोहन बंसल, न्यास के सचिव मानसिंह रघुवंशी, कोषाध्यक्ष संतु प्रकाश अग्रवाल, समाजसेवी निशिकांत बलवरकर, सुशील अग्रवाल, कृष्ण गोपाल अग्रवाल और रोहित गर्ग भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-03,2082

राजगढ, दिन सोमवार, दिनांक 08 दिसंबर,2025

न्यूज गैलरी

छात्रा का हाथ पकड़ा, धमकी दी, केस दर्ज

ब्यावरा। सिटी थाने के अंतर्गत एक उच्च 10वीं की 15 वर्षीय छात्रा ने सिटी पुलिस को बताया कि बीते 4-5 महीने से बीनागंज निवासी विपिन राजपूत स्कूल जाने के दौरान रास्ते में पीछा करते हुए परेशान करता है। दो महीने पहले उसने निकेत टॉकीज के पास मुझे नोटबुक से हाथ पकड़कर छेड़खानी की थी। शुक्रवार को शाम को बिल्डी घर के सामने बातचीत करने की बात पर गाली-गलौज करने लगा। जान से मारने की धमकी दी। पास्को और छेड़खानी का मामला दर्ज किया है।

सहायक संचालक प्राचार्यों की भर्ती आवेदन 31 तक

ब्यावरा । राज्य लोक सेवा आयोग ने तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के लिए उप संचालक, प्राचार्य, द्वितीय श्रेणी और सहायक संचालक के पदों पर भर्ती निकाली है। ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए। जो 31 दिसंबर 2025 तक भरे जा सकेंगे।

श्रमिकों के बच्चों की मेरिट सूची पोर्टल पर अपलोड

ब्यावरा। पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के मेधावी बच्चों को सुपर-5000 योजना के तहत 26,000 की सहायता मिलेगी। 2024-25 के पात्र छात्रों की सूची श्रम पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है।

कुएं में डूबने से बालिका की मौत

जीरापुर। खुसनेर-जीरापुर मुख्य सड़क मार्ग के समीप स्थित ग्राम गोवर्धनपुरा में मंगलवार को एक हादसा घटित हो गया। गांव की 15 वर्षीय बालिका मुस्कान बर्मा, पिता बलरामलाल बर्मा, अचानक कुएं में गिर गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने डायल 112 पर कॉल कर बमोर थाना को बुलाया। आरक्षक राजेश शर्मा एवं पायलट मोहन नेवारे मौके पर पहुंचे और बालिका को 108 एंबुलेंस की मदद से सिविल अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पीएन श्री गागोरनी में बैगलेस दिवस मनाया

जीरापुर। पीएनबी विद्यालय में छात्र-छात्राओं ने शिक्षक अंशिल पुष्पद, अमित पुष्पद के मार्गदर्शन में मोहना कला का प्रदर्शन किया। तथा खेल प्रतियोगिताओं में रस्सा खींच, लंबी रिले दौड़ और लूडो दौड़ का भी आयोजन हुआ। राजेश विजय सिंह चौधरी, अजय गुप्ता ओम गुप्ता, ईश्वर सिंह गोलर, निरोश शर्मा, कमल सुशीला, रंजना के सहयोग से मेंहदी और सुंदर लोटी प्रतियोगिताएं भी संपन्न हुई। अंत में विज्ञान शिक्षक भगवान सिंह मालवीय ने रोचक तरीके से जादू नहीं विज्ञान है कार्यक्रम के द्वारा सभी को अंधविश्वास से बचने की सलाह दी। बैगलेस कार्यक्रम को सुचारु प्राचार्य रमेश चंद्र वार्ष्णेय, प्रधानाध्यापक रामचंद्र मालवीय ने किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी छात्र छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई दी।

छप्पन भोग व संकीर्तन यात्रा का हुआ आयोजन

राजगढ़। बड़ा सालवाराम मंदिर उत्सव समिति एवं नवयुवक सीसेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को गोवत्स के छप्पन भोग एवं संकीर्तन यात्रा का आयोजन किया गया। भक्ति - के साथ ही गोपालन के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह यात्रा निकाली।

0 छोटी पुलिया के पिलरों में तरापे न लगाने से बहकर निकल रहा पानी

अजनार जैसे गंदे और सूखे स्वरूप में पहुंचने लगी जीवनदायिनी नेवज

डीआर संवाददाता ⏮ राजगढ

राजगढ़ नगर की जीवनदायिनी नेवज नदी भी अब प्रशासनिक अनदेखी के चलते ब्यावरा की अजनार से शनिद होती जा रही है। आलम यह है कि अक्टूबर, नवंबर महीने में नेवज नदी पूरी तरह भरी हुई एवं कल कल बहती रहती थी लेकिन वर्तमान स्थिति में नदी उथली बहती छोड़कर कहीं-कहीं तो सूखने तक नजर आना शुरू हो चुके हैं। नेवज नदी की छोटी पुलिया के मेटेरियल में नगर पालिका द्वारा तर सात अक्टूबर के अंत में तरापे लगवा दिए जाते थे ताकि पानी बहकर आगे न जाए लेकिन इस साल अभी तक नगरी में तरापे नहीं लगवाए गए हैं। यही कारण है कि नदी का पूरा पानी बहकर आगे जा रहा है और नेवज धीरे-धीरे सूखती जा रही है।

जैकवेल के समीप भी हो रही पानी की कमी

नगर पालिका का सबसे पुराना जैकवेल भी

विसर्जन कुंड की हालत भी बदहाल, उठ रही दुर्गंध

झारबाग

के पास लगा हुआ है। इसी जैकवेल से नगरी सब पानी खींचकर फिल्टरेशन प्लांट उपचारित घरों में सप्लाई किया जाता है। लेकिन जैकवेल के समीप भी धीरे-धीरे नदी का जल-स्तर अब कम होता जा रहा है। यदि स्थिति यही रही तो आने वाले दिनों में नगर में जल संकट पैदा होने की संभावनाओं से भी इन्कार नहीं किया जा सकता।

गंदगी से लबरेज होकर बदबू मार रहा विसर्जन कुंड

नेवज नदी की छोटी पुलिया के समीप स्थित विसर्जन कुंड की बुरी तरह से सफाई न करवाए जाने से उसकी हालत भी बद से बदतर होती जा रही है। विसर्जन कुंड में पड़ गंदगी, कचरा आदि से निकलने वाली दुर्गंध से आकाश से निकलने वाले धोरों को भी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है स्थानीय लोगों ने नगर पालिका के जिम्मेदारों से मांग की है कि विसर्जन कुंड की

इनकमली . .

अपने एक-दो दिन में ही 8M नेवज की छोटी पुलिया के पिलरों के बीच तरापे लगवाना शुरू करवा देंगे ताकि पानी का बहाव रुक जाए। इसके साथ ही विसर्जन कुंड की सफाई भी करवा दे जाएगी।

जीतेंद्र किशनगीर, एच-इंजीनियर, जल शाखा, नप राजगढ

ड्रीन तरीके से सफाई करवा दी जाए।

नदी में ही धोए जा रहे कपड़े और वाहन

नगर पालिका ने नेवज नदी में कपड़े एवं वाहन आदि धोने के संबंध में पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया हुआ है। इसके बावजूद कमीशनर सहित अन्य द्वारा प्रतिदिन सर्फ, साबुन इत्यादि से नदी में ही कपड़े आदि धोते देखा जा रहा है। इसके साथ ही कई बार अनेकों वाहन मालिक भी नदी के बीच अपना वाहन खड़ा कर उसे धोते नजर आ रहे हैं।

समाज की बैठक के दौरान चले डंडे, लहराई तलवार और गुप्ती

विवाद के बाद इस तरह लाठी बेसबरी में लहराते लोग।

डीआर संवाददाता ⏮ ब्यावरा

शहर के सुहालिया रोड पर खटीक मोहल्ले में खटीक समाज की बैठक का आयोजन किया गया था। इस दौरान छत की सीढ़ी पर निकलने को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर लाठी-डंडे चले, तलवार (गुप्ती) लहराई गई। विवाद के बाद मोहल्ले में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। सिटी पुलिस ने दोनों पक्षों के 8 लोगों पर मामला दर्ज किया है। यह बैठक पंचोर में 23 जनवरी को आयोजित होने वाले खटीक समाज के विवाह सम्मेलन के लिए आयोजित की गई थी। ब्यावरा से धनश्याम खस की छत पर पंचोर में बैठक आयोजित की गई थी। करिंदादी भीरुल पुत्र नारायण प्रसाद खटीक 45 और अमन पुत्र मुकलेश चौहान की शिकायत पर हमला केस दर्ज करते हुए दोनों पक्षों के आठ लोगों को आरोपी बनाया है। दूसरी तरफ अध्यक्ष मुकलेश चौहान के साथ अन्य चौहान, अन्य चौहान पर भी केस दर्ज किया है।

विवाद बढ़ने पर लगभग 30 से अधिक लोग इकट्ठा हो गए। लाठी-डंडों के साथ तलवार (गुप्ती) लहराई गई। छत पर खड़े लोगों ने विवाद का वीडियो बना लिया। लगभग आधा घंटे से अधिक समय तक विवाद होता रहा। सूचना मिलते ही सिटी थाना प्रभारी प्रभारी पुलिस टीम के साथ सुहालिया रोड खटीक मोहल्ला पहुंचे, जब तक विवाद शांत हो गया।

क्रास केस दर्ज किया है

सुहालिया रोड पर खटीक मोहल्ले में समाज की बैठक के दौरान दौरान दोनों दोनों पक्षों प का विवाद हो गया था। विवाद के बाद सूचना मिलते ही पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे। पुलिस के पहुंचने के पहले विवाद शांत हो गया था। दोनों पक्षों के आठ लोगों पर मामला दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

दस्तावेजों में गड़बड़ी कर वाहन फाइनेंस करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार,

डीआर संवाददाता ⏮ ब्यावरा

सिटी पुलिस ने दस्तावेजों में हेरफेर कर वाहन फाइनेंस करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सिटी थाने में प्रेसवार्ता के दौरान थाना प्रभारी वीरेंद्र धाकड़ द्वारा जानकारी दी गई। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर बोलेरो पिकअप से फाइनेंस कराए

गए दो वाहन जब्त किए हैं। 26 नवंबर को हुसैनीनगर आवर निवासी 37 वर्षीय संतोष पुत्र प्रेमशंकर शर्मा ने शिकायत दी थी, जिसमें बताया कि बजाज फाइनेंस कर्मचारी सुमन उपाध्याय दस्तावेजों में हेरफेर करके गए आरोपी को किया गिरफ्तार। निवासी बालाहारी भरतिंगवाड़ ने शहर जानकारी में कूटरचना करते हुए कई व्यक्तियों के आधार कार्ड में जन्मतिथि, पता व अन्य विवरण में परिवर्तन कर वाहन फाइनेंस कराए है, जिसमें राहुल विश्वकर्मा निवासी रुनाह, रहमीन बैरसिया, लखनसिंह पुत्र सुरजिंह निवासी धान कड़ियाखाट, बबलू पुत्र कालूराम निवासी रुनाह, ओमप्रकाश पुत्र कालूराम गाट निवासी हथीखेड़ा बालाव और जीतन पुत्र दिनेश साहू सुरजपोल नरसिंहगढ़ शामिल है। पुलिस ने शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ धारा 318(4), 338, 336 (3), 340 (2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

सुप्रसिद्ध भजन गायक श्वेता कौशिक देंगी भजनों की प्रस्तुति

डीआर संवाददाता ⏮ खुजनेर

खुजनेर में मालवा के खाटू श्याम के नाम से पूरे मध्यप्रदेश में प्रसिद्ध है यह मनोकामनाएं पूर्ण के लिए भारियां बोलो लाते हैं आने वाले भक्तजनों की मनोकामनाएं पूर्ण होती है हर एकादशी पर मेला स्वरूप दृश्य रहता है दूर दूर से भक्तजन पैदल निशान लेकर पहुंचते हर दिन मंदिर समय अनुसार खुलता है बड़ी संख्या में भक्तजन दर्शन को पहुंचते हैं मंदिर प्रांगण में भक्तों के लिए सेवा हेतु विशाल हाल भोजन शाला सुलभ कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य भी जारी है।

दी जाएगी। वहीं मंदिर समिति ने बताया कि 9 दिसंबर 2012 में बाबा खाटू श्याम वह विधिवत हुए थे।

खुजनेर बाबा मालवा के खाटू श्याम के नाम से पूरे मध्यप्रदेश में प्रसिद्ध है यह मनोकामनाएं पूर्ण के लिए भारियां बोलो लाते हैं आने वाले भक्तजनों की मनोकामनाएं पूर्ण होती है हर एकादशी पर मेला स्वरूप दृश्य रहता है दूर दूर से भक्तजन पैदल निशान लेकर पहुंचते हर दिन मंदिर समय अनुसार खुलता है बड़ी संख्या में भक्तजन दर्शन को पहुंचते हैं मंदिर प्रांगण में भक्तों के लिए सेवा हेतु विशाल हाल भोजन शाला सुलभ कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य भी जारी है।

स्वामी विवेकानंद स्कूल में पंचतत्व थीम पर आयोजित हुआ

डीआर संवाददाता ⏮ राजगढ

नगर के स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में शनिवार सायं स्पंचतत्व थीम पर सालाना वार्षिकोत्सव का भव्यतम आयोजन किया गया। सैकड़ों अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में हुए इस जलसे में स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा दी गई एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। दीप प्रज्वलन वाले हुए वालेण्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने कार्यक्रम का सूत्रपात किया। शाला प्राचार्य

किया इसके उपरान्त स्कूल के न्यायी छात्र-छात्राएं पुरस्कृत किया गया। शाला प्राचार्य अमित साहा ने ने अपने उद्बोधन में विद्यालय की उपलब्धियां बताते हुए स्कूल से अध्ययन उपरान्त अब जीवन में महत्वपूर्ण मुकाम हासिल कर चुके विद्यार्थियों का जिक्र किया। भावपूर्ण आयोजन में संगीत, सांस्कृतिक नृत्य, नाटक व अन्य प्रस्तुतियों ने देश की सांस्कृतिक विविधता, पौराणिक व गौरवशाली इतिहास, देश भक्ति, पर्यावरण जागरूकता, शांति और भारतीय संस्कृति, संस्कारों की झलक देखने मिले। विभिन्न प्रस्तुतियों में पांचतत्वों के विविध पहलुओं को बच्चों ने प्रस्तुत किया।

जुआ अड्डे पर पुलिस की दबिश, 9 जुआरी गिरफ्तार

डीआर संवाददाता ⏮ नरसिंहगढ़

जिले में जुआ, सट्टा व अन्य अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक अंकित सोलानी के निर्देश पर नरसिंहगढ़ थाना पुलिस ने कार्रवाई को अंजाम दिया। मध्यरात्रि को ग्राम किशोरपुरा स्थित गांधिया स्कूल के पास गोविंद कुशवाहा की टपरी में चल रहे जुए पर दबिश देते हुए पुलिस ने 9 जुआरियों को रंगे हाथ पकड़ा। कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केंद्रल बजारे

एवं एसडीओपी गिरीश कुशवाह के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी रितेश्वर शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में की गई। मौके से 8210 रुपये नगद, 2 मोटरसाइकिल, 6 एंड्रॉयड मोबाइल फोन सहित 183210 रुपये का मसरूका बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

गिरफ्तार आरोपी

राज लोहरीया (संजय नगर), विष्णु मोहिया मीना कुशवाहा, शीतारमन जोशी मोहन (नरसिंहगढ़), आनंद कुशवाहा अनिकेत वर्मा अजय वर्मा तथा गोविंद कुशवाहा शामिल हैं।

अवैध खनन नदी और नालों से रेत माफिया बोट डालकर कर रहे रेत का अवैध उत्खनन

सारंगपुर में धड़ल्ले से रेत का खनन और खरीद-फरोख्त

डीआर संवाददाता ⏮ ब्यावरा

नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों रेत का अवैध कारोबार खुलेआम फल फूल रहा है। कालोनियों नदी क्षेत्र सहित अस्पताल के पीछे के नालों से रेत माफिया बोट डालकर अवैध उत्खनन कर रहे हैं और ट्रैक्टर-लिंकों के माध्यम से शहर में धड़ल्ले हैरानी की बात यह है कि यह पूरा खेल प्रशासन और खनिज विभाग की नाक के नीचे चल रहा है, लेकिन अब तक किसी ठोस और प्रभावी कार्यवाई के संकेत नहीं मिल सके हैं। कुर्रे के अनुसार अवैध रेत का यह नेटवर्क कुछ के लेकर देर रात तक सक्रिय रहता है। दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियां लगातार बख्या लगाकर रेत को सारंगपुर शहर तक पहुंच रही है, जहां खुलेआम बेचा जा रहा है। सभी

रेत निकाले से कुछ लोग अवैध लाभ उठा रहे हैं, लेकिन इसके इसके दुष्परिणाम सरकार को भारी जनस्व हानि और नागरिकों को सड़क सुरक्षा के खतरे के रूप में भुगतने पड़ रहे हैं।

शहर के विभिन्न स्थानों पर बिना अनुमति रेत उतारी जा रही है। ट्रैक्टर चालकों का कहना है कि वे रेत गाड़ियाओं के निर्देश पर ही परिवहन करते हैं, जिससे स्पष्ट होता है कि पूरा अवैध कारोबार सुनियोजित और संगठित तरीके से संचालित हो रहा है।

सूचना तंत्र की कमजोरी पर सवाल

जानकारी में इस गोरख धंधाकर और और क्षेत्र में बेखौफ अनाज तैनात है, लेकिन अवैध उत्खनन और परिवहन की सूचनाएं या तो संबंधित विभागों तक पहुंच ही नहीं पा रही है या जानबूझकर अनदेखी की जा रही है। कभी-कभार औपचारिक कार्रवाई खेती भी है तो तब तक रेत नदियां नीचे से कमर हो जाते हैं। इस बार सूचना तंत्र का दीक्ष कायरा अत्यंत कारगर जा रहे हैं।

पुलिस चौकी के सामने से गुजरते ट्रैक्टर रुगोकली जिले के कोडामारी पर उकाका पुलिस चौकी बनी हुई है, जिसका उद्देश्य अवैध परिवहन पर रोक पर रोक लगना है। लिया बावजूद दिन-रात्री इसके चौकी के सामने से रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉल्ड ई ली कोई प्रभारी कार्रवाई सामने नहीं आई है। इसी

नियमों को ताक पर रख रहे माफिया

रेत परिवहन में तेजी आई है। इंदौर ना सहित प्रमुख सड़कों पर तथा रावजार रेत लदे ट्रैक्टरों से दुर्घटनाएं का खतरा बढ़ गया है। सूत्र ही सरकार को लाखों उपरे के राजस्व का नुकसान के रहा है।

रेत धोने का कारोबार भी खुलेआम

सारंगपुर से बाहर से लाई जा रही मिट्टी का रेत को धोने का कारोबार भी खुलेआम चल रहा है। नदी किनारे रेत से भरे ट्रैक्टर खड़े रहते हैं और वहां से कई स्थानों पर रेत ट्रैक्टर बिना किसी डर के खड़े दिखाई देते हैं, मानो उन्हें किसी कानून का भय ही नहीं।

जिम्मेदारों से नहीं हो सका संपर्क

प्रकार इंडीपेंडेंट चाना क्षेत्र से भी खुले रेत से भरे ट्रैक्टर सारंगपुर पहुंच रहे हैं जनसुनवाई और राजस्व को नुकसान क्षेत्रका कहना है कि बीते महीनों में अधिकृत पूरे मामले में जब जिम्मेदार अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किए। सोशल नागरिकों ने प्रशासन और खनिज विभाग से मांग की है कि अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर तत्काल सख्त कार्रवाई कर इस बेलगाम कारोबार पर अंकुश लगाया जाए। इस संबंध में सारंगपुर एसडीएम शोहेब बोर बोले रे खनन पर हमा ने बात कहा कहां हो और कहां जा है इसकी पूरी जानकारी मुझे दी।

डॉ अंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर संविधान बचाने की शपथ ली

डीआर संवाददाता ⏮ ब्यावरा

गलवर नगर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नरसिंह द्वारा आयोजन हनिवार शाम को मुख्य बाजार में किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रभारी सचिन तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल बना शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य घर-घर और हर चौराहे पर संविधान के महत्व की जानकारी पहुंचना उद्देश्य था। इसमें अभियान को जन-जन तक ले जाने के लिए रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक के प्रारंभ में संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की पुष्प विधि सम्पन्न कराई गई। बैठक में मंडलम अध्यक्ष मोहन यादव आगर मंडलम अध्यक्ष राजकुमार जाट, सरपंच रोहसिंह जाधुर, जयपाल सादरा विष्णु गुर्जर, पूजा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश दांगी, सोनी बना, मोहन जाट, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस पूर्व जिला अध्यक्ष चंदरसिंह गुर्जर, एनएसयूआईमराज मेहर आदि मौजूद